संख्या. ए-11019/03/2014-स्था0

भारत सरकार

विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रलाय

वैज्ञानिक और प्रोद्योगिकी अनुसंधान विभाग

दिनांक: 1 दिसम्बर 2014

परिपत्र

अधोहस्ताक्षरी को, भारत सरकार की कार्य आबंटन नियमावली, 1961 (Allocation of Business Rules, 1961) में विहित कार्यालय प्रबंधन से संबन्धित प्रावधानों को दोहराते हुए विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को यह स्मरण कराने का निर्देश हुआ है कि श्रेणी-क के अंतर्गत आने वाले भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की तरह डीएसआईआर में भी सभी कार्य दिवसों में सामान्य कार्य के घंटे इस प्रकार हैं:-

कार्य दिवस – सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
सामान्य कार्य घंटे - प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक
भोजन अवकाश - दोपहर 1.00 बजे से 1.30 बजे तक

2. जनसाधारण द्वारा की जाने वाली किसी भी तरह की पूछताछ व उनकी शिकायतें सुनने के लिए विभाग में प्रत्येक कार्य दिवस पर सायं 3 बजे से 4 बजे का समय सुनिश्चित किया गया है। इस अवधि के दौरान संबन्धित अधिकारी अपने कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे बशर्ते कि वे छुट्टी पर न हों अथवा प्रशासनिक कार्यों की वजह से कार्यालय से बाहर न गए हों।

3. विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे उपरोक्त समय सारणी का अनुपालन सुनिश्चित करें।

1/12/14

(कुलदीप कुमार)
अवर सचिव (प्रशा0)

प्रतिलिपि:-

1. डीएसआईआर के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी।
2. श्री विमल कुमार वरुण, वैज्ञानिक-एफ़ को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को विभाग की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए।